GST IN : 24AAGCR3448G1ZF

CIN : L45400UP2013PLC055914

# RBM Infracon Limited

**Date: 12-01-2024**

To,
Listing Department,
National Stock Exchange Limited
Exchange Plaza, C- 1, Block-G, Bandra Kurla Complex,
Bandra (E), Mumbai-400051

Dear Sir/Madam,

**SUBJECT:** **Submission of copies of Newspaper Advertisement for information regarding corrigendum of notice issued for Extra-Ordinary General Meeting (EGM) to be held at the registered office of the company.**

**REF:** **Regulations 30 and 47 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Pursuant to Regulation 30 & 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015, please find enclosed herewith clipping of Newspaper advertisement published in Business Standard (English and Hindi) newspaper on 12th January, 2024.

The Company has published an advertisement for which clipping of Newspaper is attached herewith.

This is in due compliance of the relevant Regulations of the SEBI (LODR) Regulations, 2015.

You are requested to kindly take the above information on record.

Thanking You,

Yours faithfully,

**FOR, RBM INFRACON LIMITED**
**(Formerly Known as RBM INFRACON PRIVATE LIMITED)**

JAYBAJRANG RAMAISHISH MANI
Digitally signed by JAYBAJRANG RAMAISHISH MANI
Date: 2024.01.12 11:18:10 +05'30'


**JAYBAJRANG RAMAISHISH MANI**
**MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 03417579**

**Regd. Office** : MB Complex, Main Road, Baitalpur, Deoria. (U.P.) 274201 India.
**Corporate Office** : 2&3, Snehdeep Residency, Nr.Digjam Circle, Jamnagar - 361 006. Gujarat (India)
**Tel/Fax** : +91 288 2710463, **Email** : info@rbminfracon.com **Web** : www.rbminfracon.com



## खबरों में रहे स्टॉक


### यूनिकेम लैबोरेट्रीज




डॉक्साजोसिन टैबलेट के लिए यूएसएफडीए से एएनडीए मंजूरी मिली

₹ 445.5 पिछला बंद भाव
₹ 470.6 आज का बंद भाव
5.6 % ▲


### एचडीएफसी ऐसेट मैनेजमेंट कंपनी




वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में समेकित लाभ 32 फीसदी बढ़कर 488 करोड़ रु.

₹3,417.7 पिछला बंद भाव
₹ 3,502.0 आज का बंद भाव
2.5 % ▲


### एलायड डिजिटल सर्विसेज




अयोध्या स्मार्ट सिटी परियोजना के लिए मास्टर सिस्टम इंटेग्रेटर चुना गया

₹ 142.5 पिछला बंद भाव
₹ 170.9 आज का बंद भाव
20 % ▲


### अजमेरा रियल्टी ऐंड इन्फ्रा इंडिया




वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में बिक्री मूल्य 98 फीसदी बढ़कर 253 करोड़ रुपये हुआ

₹ 471.7 पिछला बंद भाव
₹ 506.4 आज का बंद भाव
7.3 % ▲

### श्याम मेटालिक्स ऐंड एनर्जी




दिसंबर 2023 में स्टील वॉल्यूम 51 फीसदी बढ़ 2,49,550 टन हो गया

₹ 666.7 पिछला बंद भाव
₹ 670.2 आज का बंद भाव
0.5 % ▲

## संक्षेप में

### ज्योति सीएनसी आईपीओ को 38.53 गुना अभिदान

ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को गुरुवार को निर्गम के अंतिम दिन 38.53 गुना अभिदान मिल गया। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ के तहत 1,75,39,681 शेयरों की पेशकश पर 67,58,09,325 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) की श्रेणी को 26.17 गुना और गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 36.48 गुना अभिदान मिला। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को 44.13 गुना अभिदान मिला। ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन ने सोमवार को एंकर निवेशकों से 448 करोड़ रुपये जुटाए थे। आईपीओ पूरी तरह से 1,000 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों की पेशकश पर आधारित है। इसके लिए मूल्य दायरा 315-331 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। *भाषा*

### आईपीएम की 100 पेट्रोल पंप खोलने की योजना

ईंधन की खुदरा बिक्री करने वाली स्टार्टअप कंपनी इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग (आईपीएम) अगले पांच साल के भीतर देशभर में 100 पेट्रोल पंप स्थापित करेगी। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि वह अपना कारोबार असम से शुरू करेगी। दिल्ली की कंपनी ने देश में विभिन्न प्रकार के ईंधन बेचने के लिए अपना नेटवर्क शुरू करने को पहले ही 250 करोड़ रुपये का नेटवर्थ बना लिया है। आईपीएम के संस्थापक ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कहा, 'आईपीएम ईंधन बेचने के लिए देशभर में खुदरा दुकानें या पेट्रोल पंप स्थापित करेगी। पहले चरण में, हम पांच साल के भीतर 100 पंप स्थापित करेंगे।' उन्होंने कहा कि कंपनी जमीनी स्तर पर परिचालन शुरू करने वाली पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा अधिकृत पहली स्टार्टअप निजी पेट्रोलियम विपणन कंपनी (ओएमसी) है। शर्मा ने कहा, 'हम असम से शुरुआत करेंगे। हमारी योजना अगले दो साल के भीतर दूरदराज के इलाकों में पांच खुदरा दुकानें स्थापित करने की है। पहला स्टेशन असम के जोरहाट जिले में खुलेगा।' *भाषा*

**आईटी क्षेत्र की कंपनी के दिसंबर तिमाही के नतीजे**

# इन्फी ने आय अनुमान घटाया

आयुष्मान बरुआ
बेंगलूरु, 11 जनवरी




आईटी क्षेत्र पर दबाव का असर इन्फोसिस पर भी दिखा है। इन्फोसिस ने अपने वित्त वर्ष 2024 के राजस्व वृद्धि अनुमान को घटाकर 1.5 से 2 प्रतिशत (स्थिर मुद्रा में) कर दिया है। पिछली तिमाही में उसने यह राजस्व 1 से 3.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान जताया था।

हालांकि बेंगलूरु में मुख्यालय वाली इस आईटी कंपनी ने अपना परिचालन मार्जिन अनुमान वित्त वर्ष 2024 के लिए 20-22 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। राजस्व के लिहाज से भारत की दूसरी सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक इन्फोसिस ने दिसंबर तिमाही में 6,106 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो एक साल पहले के मुकाबले 7.3 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 1.7 प्रतिशत कम है। साथ ही राजस्व ब्लूमबर्ग के 6,167 करोड़ रुपये के अनुमान से भी थोड़ा कम है।

दिसंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 1.3 प्रतिशत बढ़कर 38,821 करोड़ रुपये रहा, जो ब्लूमबर्ग के 38,670 करोड़ रुपये के अनुमान से अधिक है। तिमाही आधार पर राजस्व सिर्फ 0.4 प्रतिशत बढ़ा।

तीसरी तिमाही को आईटी कंपनियों के लिए अपेक्षाकृत कमजोर तिमाही माना जाता है। इन्फोसिस का डॉलर राजस्व स्थिर मुद्रा के संदर्भ में सालाना और तिमाही आधार पर 1 प्रतिशत घटकर 4.7 अरब डॉलर रहा।

सौदों के राजस्व में तब्दील नहीं होने के बारे में पूछे जाने पर बिजनेस स्टैंडर्ड के सवाल का जवाब देते हुए इन्फोसिस के मुख्य कार्याधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा, 'बड़े सौदे ग्राहकों के साथ हमारे संबंध के स्तर को दर्शाते हैं। वहीं राजस्व दर्शाता है कि सौदे क्या योगदान दे रहे हैं और ग्राहक कौन से कार्यक्रम कर रहे हैं। ग्राहकों के साथ पिछली कुछ तिमाहियों में देखा गया है कि डिजिटल कार्यक्रम कम हो गए हैं।'

भारतीय आईटी सेवा उद्योग को पिछली कुछ तिमाहियों में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। इन चुनौतियों की वजह से ग्राहकों को निर्णय लेने और सौदे पूरे करने में विलंब हो रहा था।

इस वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही के लिए परिचालन मार्जिन पिछले वर्ष की समान तिमाही के 21.5 प्रतिशत से घटकर 20.5 प्रतिशत रह गया। रिटेल से राजस्व 0.4 प्रतिशत बढ़ा और दिसंबर तिमाही तक कुल राजस्व में इसका योगदान 14.6 प्रतिशत था।

*(साथ में अनिका चटर्जी)*

### कंपनी के आय-मुनाफे पर दबाव

- तीसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ **7.3** प्रतिशत घटकर **6,106** करोड़ रुपये रह गया
- राजस्व एक साल पहले के मुकाबले **1.3** प्रतिशत बढ़कर **38,821** करोड़ रुपये रहा
- इन्फोसिस का डॉलर राजस्व स्थिर मुद्रा के संदर्भ में सालाना और तिमाही आधार पर **1** प्रतिशत घटकर **4.7** अरब डॉलर रहा
- परिचालन मार्जिन घटकर **20.5** प्रतिशत रह गया

### लगातार कम हो रहे टीसीएस व इन्फी के कर्मचारी

देश की दो सबसे बड़ी आईटी सेवा कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस अपने कर्मचारियों की संख्या के आधार में लगातार कमी देख रही हैं जबकि नौकरी छोड़ने की दर में गिरावट आई है। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में टीसीएस के कुल कर्मचारी आधार 6,03,305 में 5,680 कर्मचारियों की कमी आई।

इसी तरह इन्फोसिस के कर्मचारियों की संख्या वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में घटकर 3,22,663 रह गई। कंपनी के कर्मियों में 6,101 की कमी दर्ज हुई। इन्फोसिस ने भी इस वित्त वर्ष के लिए किसी नई नियुक्ति की घोषणा नहीं की है। कर्मचारियों की संख्या में गिरावट ऐसे समय आ रही है जब फर्मों ने कंपनी में नौकरी छोड़ने की दर में कमी देखी है। टीसीएस के मामले में नौकरी छोड़ने की दर 13.3 फीसदी रही जो दूसरी तिमाही में 14.9 फीसदी थी।

वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में इन्फोसिस में नौकरी छोड़ने की दर 12.9 फीसदी रही, जो इससे पहले की तिमाही में 14.6 फीसदी थी। कर्मचारियों की संख्या में गिरावट इस क्षेत्र के साथ-साथ इंजीनियरिंग स्नातकों के लिए गंभीर मसला है क्योंकि दोनों फर्में विभिन्न कैंपस से बड़ी संख्या में स्नातकों की नियुक्ति करती है। *बीएस*

# कॉग्निजेंट को चुकाना होगा आयकर

## कंपनी को शीर्ष अदालत से राहत नहीं

भाविनी मिश्रा
नई दिल्ली, 11 जनवरी




सर्वोच्च न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय के उस अंतरिम आदेश को सही ठहराया है, जिसमें अदालत ने तकनीकी कंपनी कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस को निर्देश दिया था कि वह कर बकाए के तौर पर आयकर विभाग को 2,956 करोड़ रुपये का बकाया कर चुकाए। न्यायमूर्ति पीएस नरसिंह और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार के पीठ ने उच्च न्यायालय को निर्देश दिया कि वह छह हफ्ते के भीतर मामले पर फैसला करे।

आदेश में कहा गया है कि इस मामले में बड़े हितों को देखते हुए हम उच्च न्यायालय से अनुरोध करते हैं कि इस मामले का निपटान यथासंभव जल्द से जल्द करे और प्राथमिकता के तहत आज से छह हफ्ते के भीतर। अदालत ने कहा कि आयकर विभाग ने कहा है कि अगर कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी उच्च न्यायालय में अपनी अपील में कामयाब रहती है तो ब्याज समेत पूरी रकम चार हफ्ते के भीतर वापस कर दी जाएगी।

आदेश में कहा गया है, 2,956 करोड़ रुपये में से 1,500 करोड़ रुपये नकद और 1,456 करोड़ रुपये एफडी रिसीट्स के तौर पर देने की पेशकश है, जिसे भुनाया जा सके। हम अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल की बात भी रिकॉर्ड कर रहे हैं, जिन्होंने कहा है कि अगर याची की अपील को उच्च न्यायालय से अनुमति मिलती है तो चार हफ्ते के भीतर पूरी रकम ब्याज समेत वापस कर दी जाएगी। तकनीकी कंपनी ने उच्च न्यायालय में सितंबर 2023 के आयकर अपील ट्रिब्यूनल आदेश को चुनौती दी थी। साथ ही कंपनी ने विभाग की तरफ से शेयर पुनर्खरीद (2017 से 2018 के बीच 19,000 करोड़ रुपये की खरीद) के मामले में 9,400 करोड़ रुपये के कर की मांग को भी चुनौती दी थी।

पिछले साल कॉग्निजेंट ने कंपनी से वसूली का सभी प्रक्रियाओं पर रोक की मांग की थी और 1,500 करोड़ रुपये नकद भुगतान की पेशकश की थी। उच्च न्यायालय ने इस शर्त पर वसूली पर अस्थायी रोक लगा दी थी कि आयकर विभाग को कॉग्निजेंट 1,500 करोड़ रुपये भुगतान करेगी और 1,456 करोड़ रुपये की एफडी देगी।

### अदालत का फैसला

- कॉग्निजेंट मामले में मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर सर्वोच्च न्यायालय की मुहर
- उच्च न्यायालय ने आयकर विभाग को 2,956 करोड़ रुपये चुकाने का निर्देश कॉग्निजेंट को दिया था

### बीएमडब्ल्यू की घरेलू कार बिक्री बढ़ी

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा है कि भारत में की उसकी कारों की बिक्री पिछले साल की तुलना में 18 फीसदी बढ़ी है। कंपनी ने कहा कि उसकी उच्च श्रेणी की गाड़ियों और इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग के बीच 2023 में 14,172 गाड़ियां बिकीं।

बीएमडब्ल्यू के इंडिया प्रेसिडेंट विक्रम पावाह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी इस साल कार के 13 नए मॉडल और मोटरसाइकिल के 6 मॉडल पेश करने की योजना बना रही है। साल 2023 में जर्मन कंपनी की दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 20 फीसदी बढ़कर 8,768 रही। *बीएस*

**ELDECO**

**एल्डिको हाउसिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**CIN: L45202UP1985PLC099376**
**पंजीकृत कार्यालय: एल्डिको कॉर्पोरेट चेम्बर -1, दूसरी मंजिल, विभूति खंड (मंडी परिषद के सामने), गोमती नगर, लखनऊ-226010**
**वेबसाइट: www.eldecogroup.com | ईमेल: eldeco@eldecohousing.co.in**

**सूचना**
**(कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यान के लिए)**
**इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फण्ड में कंपनी के इक्विटी शेयरों के हस्तांतरण के सम्बन्ध में**

यह नोटिस कंपनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) की धारा 124(6) के प्रावधानों के अनुसार प्रकाशित किया गया है, जिसे इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फण्ड (लेखांकन, लेखापरीक्षा, हस्तांतरण और रिफंड) नियम, 2016 के संशोधित (**"आईईपीएफ नियम"**) के साथ पढ़ा गया है।

आईईपीएफ नियमों में, अन्य मामलों के साथ, जिन शेयरधारकों द्वारा लगातार सात वर्षों या उससे अधिक समय से लाभांश का भुगतान या दावा नहीं किया गया है उन सभी शेयरों को इन्वेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फण्ड (**"आईईपीएफ"**) प्राधिकरण के डीमैट अकाउंट में हस्तांतरण के प्रावधान शामिल हैं।

आईईपीएफ नियमों में निर्धारित विभिन्न आवश्यकताओं का पालन करते हुए, वित्तीय वर्ष 2015-2016 और पूर्व वर्षों से संबंधित कंपनी द्वारा घोषित दावा न किए गए/अवैतनिक लाभांश को पहले ही आईईपीएफ प्राधिकरण को उनकी संबंधित देय तिथियों पर हस्तांतरित कर दिया गया है। कंपनी ने संबंधित शेयरधारकों को कंपनी के पास उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर व्यक्तिगत रूप से सूचित किया है, जिनके शेयर उचित कार्रवाई करने के लिए आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं। कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों और आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट अकाउंट में हस्तांतरण के लिए उनके शेयरों का पूरा विवरण अपनी वेबसाइट www.eldecogroup.com पर अपलोड किया है।

यदि कंपनी या हमारे रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (**"आरटीए"**), स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, को संबंधित शेयरधारकों से **वर्ष 2016-2017** और उसके बाद के दावा न किये गये लाभांश का दावा करते हुए **23 मार्च, 2024** तक कोई संचार प्राप्त नहीं होता है तो कंपनी उन शेयरधारकों द्वारा धारित शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित करने के लिए बिना किसी अन्य सूचना के आवश्यक कदम उठायेगी और निम्नलिखित तरीके और आईईपीएफ नियमों के अनुसार हस्तांतरित करेगी:

- **भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के लिए-** मूल शेयर प्रमाण पत्र के बदले नया शेयर प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा और आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने पर आईईपीएफ प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा। शेयरधारक के नाम पर पंजीकृत होने वाले मूल शेयर प्रमाण पत्र को रद्द और नॉन नेगोशिएबल माना जाएगा।
- **डीमैट रूप में रखे गए शेयरों के लिए-** कंपनी डिपॉजिटरी को शेयरों के हस्तांतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से निष्पादित करने के लिए और शेयरधारकों के डीमैट खाते में पड़े शेयरों को डेबिट करने के लिए और ऐसे शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित करने के लिए सूचित करेगी।

शेयरधारक ध्यान दें कि शेयरों के हस्तांतरण और आईपीएफ को दावा न किए गए लाभांश की स्थिति में, ऐसे शेयरों पर उत्पन्न होने वाले सभी लाभों सहित, यदि कोई हो, तो संबंधित शेयरधारक एक ऑनलाइन आवेदन निर्धारित फॉर्म IEPF-5 जमा करके आईपीएफ प्राधिकरण से इसका दावा करने के हकदार हैं जो आईपीएफ की वेबसाइट www.iepf.gov.in पर उपलब्ध है और फॉर्म IEPF-5 में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों के साथ कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में विधिवत हस्ताक्षरित उसकी एक भौतिक प्रति भेजी जानी चाहिए।

शेयरधारक ध्यान दें कि आईईपीएफ नियमों के अनुसार आईईपीएफ को शेयर के हस्तांतरण करने के उद्देश्य से, कंपनी द्वारा अपनी वेबसाइट www.eldecogroup.com पर अपलोड किए गए संबंधित शेयरधारक के दावा न किए गए लाभांश और शेयरों के विवरण को, कंपनी/ कॉर्पोरेट कार्रवाई द्वारा नए शेयर प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में पर्याप्त नोटिस के रूप में माना जाएगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त आईईपीएफ नियमों के अनुसार आईईपीएफ के डीमैट खाते में हस्तांतरित किए गए इक्विटी शेयर और दावा न किए गए लाभांश के संबंध में कंपनी के खिलाफ कोई दावा नहीं होगा।

संबंधित शेयरधारकों को आगे सूचित किया जाता है कि आईईपीएफ प्राधिकरण को शेयरों के हस्तांतरण के बाद, ऐसे शेयरों पर होने वाले भविष्य के सभी लाभ भी आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे।

यदि शेयरधारकों के पास उपरोक्त विषय से सम्बंधित कोई प्रश्न हैं या किसी सहायता की आवश्यकता है, तो वे कंपनी के आरटीए से डी-153/ए, पहली मंजिल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली - 110020, ईमेल- virenr@skylinerta.com या admin@skylinerta.com, फोन- 011-40450193-97 या कंपनी के पंजीकृत कार्यालय एल्डिको कॉरपोरेट चैंबर-1, दूसरी मंजिल, विभूति खंड (मंडी परिषद के सामने), गोमती नगर, लखनऊ-226010, ईमेल- chandni@eldecohousing.co.in, फोन-0522-4039999 से संपर्क कर सकते हैं।

कृते **एल्डिको हाउसिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**चांदनी विज**
**कंपनी सचिव**

**दिनांक: 11.01.2024**
**स्थान: लखनऊ**

# टोयोटा लाएगी सॉलिड स्टेट बैटरी वाले ईवी

जापान की वाहन विनिर्माता टोयोटा मोटर्स अगले दो वर्षों में सॉलिड स्टेट बैटरी वाले इलेक्ट्रिक वाहन पेश करेगी। कंपनी का मकसद दुनिया भर में ऐसे वाहन पेश करना है जो तेजी से चार्ज हो सकें और लंबे समय तक चलें। गुरुवार को वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सॉलिड स्टेट बैटरियां इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ज्यादा दूरी तय करने में सुधार करने का दावा करती हैं। इसे टोयोटा ने जून में पेश किया था क्योंकि कंपनी टेस्ला और चीन की कंपनी बीवाईडी से मात खा रही थी। पिछले साल टोयोटा और तेल रिफाइनर इदेमित्सु कोसान ने कहा था कि वे सॉलिड स्टेट बैटरियों को विकसित करने और बड़े पैमाने पर इनका उत्पादन करने के लिए करार करेंगे। इसका लक्ष्य साल 2027-2028 तक व्यावसायीकरण करना है और फिर बड़े पैमाने पर इसका उत्पादन किया जाएगा। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के इंडिया हेड विक्रम गुलाटी ने कहा, 'अब से अगले दो वर्षों में हम सॉलिड स्टेट इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने वाले हैं। यह 10 मिनट में चार्ज होने वाला वाहन होगा और 1,200 किलोमीटर (750 मील) की तक चलेगा और बैटरी भी लंबे तक समय तक चलेगी।' गुलाटी वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक निवेशक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे जहां भारत सरकार का जोर दुनिया के तीसरे सबसे बड़े वाहन बाजार में ईवी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए निवेश जुटाना है।

सम्मेलन के पहले दिन बुधवार को जापान की सुजुकी मोटर ने कहा था कि कंपनी की भारतीय इकाई और टोयोटा की साझेदार मारुति सुजुकी समूह के पहले बैटरी वाले इलेक्ट्रिक वाहन का निर्यात जापान और यूरोप में करेगी। पिछले साल भारत की कुल कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 2 फीसदी थी मगर सरकार का लक्ष्य साल 2030 तक इसे 30 फीसदी करने का है। *रॉयटर्स*

**RBM Infracon**

**आरबीएम इन्फ्राकॉन लिमिटेड**
**सीआईएन : U45400UP2013PLC055914**
**पंजीकृत कार्यालय–** द्वारा राहुल मणि त्रिपाठी एमबी कॉम्प्लेक्स, मेन रोड, बैतलपुर 274201 **दूरभाष** +91 0288 2710463
**ईमेल–** info@rbminfracon.com, **वेबसाइट :** www.rbminfracon.com

**कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक की सूचना का शुद्धिपत्र**

हम आरबीएम इन्फ्राकॉन लिमिटेड ('कंपनी') के अंशधारकों का ध्यान, पंजीकृत कार्यालय में 24 जनवरी 2024 को अप. 02.00 बजे (आईएसटी) पर कंपनी के अंशधारकों की असाधारण सामान्य बैठक आयोजित करने हेतु निर्गत सूचना दिनांकित 29 दिसंबर 2023 ('ईजीएम की सूचना') की ओर आकृष्ट करते हैं। ईजीएम की सूचना को कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों, जो कि उसके अंतर्गत विरचित प्रासंगिक नियमावली के साथ पठित हैं, तथा कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड द्वारा निर्गत प्रासंगिक परिपत्रों के नियत अनुपालन में कंपनी के अंशधारकों को प्रेषित कर दिया गया है।

इस शुद्धिपत्र को यहां इसमें निम्न वर्णितानुसार संशोधन करने /अन्य विवरण उपलब्ध कराने हेतु निर्गत किया जा रहा है, जो कि सेबी (पूंजी एवं प्रकटीकरण आवश्यकतायें) विनियमावली 2018 के प्रावधनों के अनुपालन में है : जो उस ईजीएम की सूचना की मद सं. 1 तथा व्याख्यापरक विवरण के संदर्भ में है जो अंशधारकों का एक अनुमोदन प्राप्त करने से संबंधित है, इस संबंध में हम संसूचित करना चाहते हैं कि;

1. निदेशक मंडल ने निम्न को पुनर्शिक्षित करने का निर्णय लिया है : कंपनी के उन 16,62,000 समता अंशों के प्रस्ताव, निर्गतन एवं आबंटन को जिनमें में से प्रत्येक का अंकित मूल्य 10/– है जो 386/– प्रति समता अंश के मूल्य पर है तथा जो 64,15,32,000/– (रुपये चौंसठ करोड़ पंद्रह लाख बत्तीस हजार मात्र) के एक कुल प्रतिफल हेतु हैं, जो केवल नकद में प्रतिफल हेतु एक अधिमान्य आधार पर है तथा जो अंश नकद के अतिरिक्त आबंटित किये जाने को प्रस्तावित थे, अब केवल नकद में आबंटित किये जाने हैं।

ईजीएम की सूचना का यह शुद्धिपत्र ईजीएम की उस सूचना का एक अनिवार्य भाग होगा, जिसे पहले ही 29 दिसंबर 2023 को कंपनी के अंशधारकों को प्रेषित कर दिया गया है तथा उससे संबंधित तिथि को एवं उसके बाद से, ईजीएम की सूचना को सदैव इस शुद्धिपत्र के साथ संबद्ध कर पढ़ा जाय। यह शुद्धिपत्र नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (**www.nseindia.com**) पर तथा कंपनी की वेबसाइट (**www.richainfosys.com**) पर उपलब्ध होगा। ईजीएम की सूचना की समस्त अन्य विषयवस्तुयें तथा उससे संबंधित व्याख्यापरक विवरण, इस शुद्धिपत्र द्वारा संशोधित अथवा अनुपूरितानुसार सुरक्षित एवं असुरक्षित, अपरिवर्तित रहेंगे। तद्नुसार आप सभी से विनती है कि रविवार 21 जनवरी 2024 को प्रातः 9.00 बजे (आईएसटी) से आरंभ होकर मंगलवार 23 जनवरी 2024 को सायं 05.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होने वाली ई–वोटिंग अवधि के दौरान, तथा ईजीएम के दौरान अर्थात् 24 जनवरी 2024 को, जैसा भी प्रकरण हो, इलेक्ट्रॉनिक रूप में अपने वोट डालें।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार**
**कृते, आरबीएम इन्फ्राकॉन लिमिटेड**
हस्ता./–
**जयबजरंग रामाशीष मणि**
**अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक**
**डीआईएन : 03417579**

**दिनांक : 10–01–2024**
**स्थान : बैतलपुर**

# स्मार्टफोन का निर्यात रफ्तार पर

सुरजीत दास गुप्ता
नई दिल्ली, 11 जनवरी

मौजूदा वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर 2023 के नौ महीनों में अमेरिका, यूरोप, एशियाई देशों और पश्चिमी एशिया को भारत से मोबाइल फोन का निर्यात 10.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। वित्त वर्ष की समाप्ति में अभी तीन महीने बाकी हैं और उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024 के लिए निर्यात का आंकड़ा 12 से 14 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। वह वित्त वर्ष 2023 के कुल 11 अरब डॉलर के निर्यात से काफी अधिक है।

इन सभी में ऐपल के आईफोन के निर्यात की हिस्सेदारी करीब 7 अरब डॉलर रही। कुल मिलाकर नौ महीनों के दौरान मोबाइल फोन का निर्यात पिछले साल की इसी अवधि के 7.3 अरब डॉलर की तुलना में 42 फीसदी बढ़ गया है। इस वित्त वर्ष के दौरान दिसंबर में सबसे अधिक मोबाइल फोन का निर्यात किया गया है। दिसंबर में 1.38 अरब डॉलर का निर्यात किया गया।

वित्त वर्ष 2023-24 ऐसा पहला साल है जब मोबाइल निर्यात अप्रैल के बाद नौ महीनों में से लगातार छह महीनों तक एक अरब डॉलर या उससे अधिक का रहा है। पिछले वित्त वर्ष के दौरान मोबाइल निर्यात सिर्फ 2 बार एक अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचा था। ये आंकड़े ऐसे वक्त आए हैं जब अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई भारत यात्रा पर हैं। कैथरीन नई दिल्ली में चल रही व्यापार नीति वार्ता में हिस्सा लेंगी। बैठक में अन्य मुद्दों के साथ-साथ निर्यात सुरक्षित होने तक हम भी चर्चा की जाएगी।

इस साल मोबाइल का निर्यात आखिरकार निरंतरता के स्तर पर पहुंच गया। पहली बार इसकी कल्पना साल 2020 में शुरू की गई स्मार्टफोन के लिए, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के दौरान की गई थी। इस योजना में ऐपल के तीन वेंडर- फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन (अब टाटा) के साथ-साथ सैमसंग और भारत एफआईएच (फॉक्सकॉन की एक अन्य कंपनी) ने भागीदारी की थी। इनमें से अधिकतर पीएलआई कंपनियों के लिए वित्त वर्ष 2023-24 योजना का तीसरा साल है।

पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल निर्यात में भारत से ऐपल आईफोन की हिस्सेदारी करीब 45 फीसदी थी, जिसके वित्त वर्ष के खत्म होने तक 65-70 फीसदी होने की उम्मीद है।

ऐपल के कुल निर्यात में फॉक्सकॉन की सर्वाधिक हिस्सेदारी रही। पिछले साल की तुलना में इस वित्त वर्ष के शुरुआती नौ महीनों में इसका निर्यात करीब 250 फीसदी बढ़ गया। पेगाट्रॉन के निर्यात में भी पिछले साल की तुलना में 100 फीसदी से अधिक का इजाफा हुआ है। उद्योग निकाय आईसीईए के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के अंत तक स्मार्टफोन निर्यात 14 से 15 अरब डॉलर पहुंच सकता है।

**भारत से स्मार्टफोन निर्यात**

| माह | वित्त वर्ष 2023 (करोड़ डॉलर) | वित्त वर्ष 2024 (करोड़ डॉलर) |
|---|---|---|
| अप्रैल | 65.4 | 106.8 |
| मई | 44.5 | 136.5 |
| जून | 70.8 | 129.1 |
| जुलाई | 69.3 | 95.1 |
| अगस्त | 66.9 | 95.4 |
| सितंबर | 89.2 | 91.2 |
| अक्टूबर | 90.9 | 126.7 |
| नवंबर | 119.7 | 128.0 |
| दिसंबर | 119.3 | 138.0 |
| कुल | 736.0 | 1,046.7 |

सरकारी: सरकारी व्यापार आंकड़े



# गूगल ने सैकड़ों पेशेवरों को निकाला

एजेंसी
सैन फ्रांसिस्को, 11 जनवरी




आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल ने खर्चों में कटौती की बात कहते हुए अपने हार्डवेयर, वॉयस असिस्टेंस और इंजीनियरिंग विभाग से सैकड़ों कर्मचारियों को निकाला दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह कदम भविष्य की रणनीतियों को देखते हुए उठाया गया है। आने वाले समय में महत्वपूर्ण अवसरों का लाभ उठाना और जिम्मेदारी से निवेश करना कंपनी की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है। बयान में यह भी कहा गया है, 'कुछ टीमें इस प्रकार के संगठनात्मक बदलाव कर रही हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर कुछ पेशेवरों की नौकरियां जाएंगी।'

गूगल ने इससे पहले कहा था कि वह कुछ सौ नौकरियां खत्म करने जा रही है, जिसका असर उसकी शानदार हार्डवेयर टीम पर देखने को मिलेगा। यह कदम गूगल और इसकी मूल कंपनी अल्फाबेट के वरिष्ठ अधिकारियों के लागत घटाने की प्रतिबद्धता जताने के बाद उठाया गया है। लगभग एक साल पहले गूगल ने कहा था कि वह 12 हजार कर्मचारियों अथवा कुल श्रम शक्ति का 6 फीसदी की छंटनी करेगी। एक्स पर एक पोस्ट में अल्फाबेट वर्कर्स यूनियन ने छंटनी को गैर जरूरी बताते हुए गूगल के इस कदम की कड़ी निंदा की है।

यूनियन ने लिखा, 'हमारे कर्मचारी हर दिन अपने उपभोक्ताओं के लिए एक से बढ़कर एक बेहतरीन उत्पाद तैयार करते हैं। कंपनी प्रत्येक तिमाही में अरबों डॉलर की कमाई कर रही है। ऐसे में वह कर्मचारियों की छंटनी जैसा कदम नहीं उठा सकती। लोगों की नौकरियां सुरक्षित होने तक हम अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।' छंटनी करने वाली गूगल अकेली आईटी कंपनी नहीं है। बीते साल सोशल साइट फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने अपने निवेशकों का भरोसा जीतने के लिए एक झटके में 20 हजार से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया था। इस कदम के बाद 2023 में मेटा का शेयर मूल्य 178 प्रतिशत चढ़ गया था। इसी प्रकार स्पोटीफाई ने दिसंबर में कहा था कि लागत कम करने और लाभ की स्थिति सुधारने के लिए वैश्विक स्तर पर कंपनी से 17 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी कर रही है।

इससे पहले इसी हफ्ते के शुरू में अमेजन ने अपनी प्राइम वीडियो और स्टूडियो यूनिट से सैकड़ों कर्मचारियों को निकाल दिया था। कंपनी अपने लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ट्विच से भी लगभग 500 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाएगी। अमेजन ने महामारी के दौरान ताबड़तोड़ भर्तियां की थीं, लेकिन बाद में हजारों लोगों को नौकरी से निकाल दिया।

**लखनऊ संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, बी-5, अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ, उ.प्र. से मुद्रित एवं बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, C/o रेगस, अलैक्रिटी बिजनेस सेंटर प्रा. लि., 10वीं मंजिल, लेवाना साइबर हाइट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, उ.प्र. 226010 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल आरएनआई नं. UPHIN/2008/25502 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं

## ANJALI CAPFIN PRIVATE LIMITED

CIN: U67120UP1999PTC024276
**REGD. OFFICE**: 'SUKHDHAM', Flat No. E-2, 7/17(9-10), Tilak Nagar, Kanpur – 208002
TEL: 0512 2548285, EMAIL: anjali.capfin@gmail.com

**NOTICE**

Pursuant to the provisions of para 42.1 of Master Direction – Reserve Bank of India(Non-Banking Financial Company – Scale Based Regulation) Directions, 2023 and advise from RBI vide e-mail dated December 26, 2023, Notice is hereby given that the shareholding of Shri Amit Kumar Lohia in Anjali Capfin Private Limited ("the Company") has increased from 21.53% to 27.52% during FY 2019-20 and further increased to 27.55% during FY 2021-22.

Any person having any objection to the above change of shareholding may communicate his/her objection(s) in writing, duly substantiated within a period of 30 days from the date of publication of this notice to the Company at its Registered Office.

By Order of the Board
for Anjali Capfin Private Limited
Sd/-
Kavita Lohia
Director
DIN: 07098198

Date: 11.01.2024
Place: Kanpur

## RBM INFRACON LIMITED

**CIN**: U45400UP2013PLC055914
**Registered office**- C/O Rahul Mani Tripathi Mb Complex, Main Road, Baitalpur 274201Tel. +91 0288 2710463
Email- info@rbminfracon.com, Website: www.rbminfracon.com

**CORRIGENDUM TO THE NOTICE OF THE EXTRA-ORDINARY GENERAL MEETING OF THE COMPANY**

We draw attention of all the Shareholders of RBM INFRACON LIMITED ("The Company") towards the Notice dated December 29, 2023 ('Notice of EGM') issued for convening the Extraordinary General Meeting of the Shareholders of the Company on Wednesday, 24th January 2024 at 02:00 P.M. (IST) at registered office. The Notice of the EGM has been dispatched to the Shareholders of the Company in due compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules made thereunder and relevant circulars issued by Ministry of Corporate Affairs and Securities Exchange Board of India

This corrigendum is being issued to make amendments/provide additional details as mentioned herein, pursuant to the provisions of SEBI (Issue of Capital and Disclosure Requirements) Regulations, 2018:With respect to Item No. 1 of the Notice of EGM and Explanatory Statement, which pertains for seeking an approval of the shareholders, in this regard we wish to communicate that;

1. The board of directors decide to revise: To offer, issue and allot 16,62,000 equity shares of the company, each having face value of 10/, at a price of 386/- per equity share and for an aggregate consideration of 64,15,32,000/- (Rupees Sixty-Four Crore Fifteen Lakhs and Thirty-Two Thousand Only), on a preferential basis for consideration in cash only and the shares which were proposed to be allotted other than cash are now to be allotted in cash only.

This Corrigendum to the Notice of the EGM shall form an integral part of the Notice of the EGM which has already been circulated to the shareholders of the Company on 29th December, 2023 and on and from the date hereof, the Notice of the EGM shall always be read in conjunction with this Corrigendum, This Corrigendum will be available on the website of the National Stock Exchange of India Limited(www.nseindia.com) and on the website of the Company (www.richainfosys.com). All other contents of the Notice of the EGM and Explanatory Statement thereof, save and except as modified or supplemented by this Corrigendum, shall remain unchanged. Accordingly request you all to cast your votes electronically during e-votingperiod commencing from Sunday, 21stJanuary 2024 at 9:00 AM. (IST) and ending on Tuesday, 23rd January 2024 at 05:00 P.M. (IST) during the EGM i.e. on 24th January, 2024, as the case may be.

**By order of the Board of Directors**
**For, RBM INFRACON LIMITED**
**SD/-**
**JAYBAJRANG RAMAISHISH MANI**
**CHAIRMAN CUM MANAGING DIRECTOR**
**DIN: 03417579**

Date: 10.01.2024
Place: Baitalpur

## GOVERNMENT OF TAMIL NADU FINANCE DEPARTMENT, CHENNAI-9

### Auction of 30 years Tamil Nadu Government Stock (Securities)

1. Government of Tamil Nadu has offered to sell by auction the dated securities for an amount of **Rs.2000 crore** with **Thirty year** tenure. Securities will be issued for a minimum nominal amount of Rs.10,000/- and multiples of Rs.10,000/- thereafter. Auction which will be **yield** based under multiple price format will be conducted by Reserve Bank of India at Mumbai Office (Fort) on **January 16, 2024.**

2. The Government Stock up to 10% of the notified amount of the sale will be allotted to eligible individuals and institutions subject to a maximum limit of 1% of its notified amount for a single bid as per the Revised Scheme for Non-competitive Bidding facility in the Auctions of State Government Securities of the General Notification (Annexure II). Under the scheme, an investor can submit a single bid only through a bank or a Primary Dealer.

3. Interested persons may submit bids in electronic format on the Reserve Bank of India Core Banking Solution (E-Kuber) System as stated below on **January 16, 2024.**

a) The competitive bids shall be submitted electronically on the Reserve Bank of India Core Banking Solution (E-Kuber) System between **10.30 A.M.** and **11.30 A.M.**

b) The non-competitive bids shall be submitted electronically on the Reserve Bank of India Core Banking Solution (E-Kuber) System between **10.30 A.M.** and **11.00 A.M.**

4. The yield percent per annum expected by the bidder should be expressed up to two decimal points. An investor can submit more than one competitive bid at different rates in electronic format on the Reserve Bank of India Core Banking Solution (E-Kuber) System. However, the aggregate amount of bids submitted by a person should not exceed the notified amount.

5. The result of auction will be displayed by Reserve Bank of India on its website on **January 16, 2024.** Successful bidders should deposit the price amount of Stock covered by their bids by means of a Bankers' Cheque or Demand Draft payable at Reserve Bank of India, Mumbai (Fort) or Chennai on **January 17, 2024** before the close of banking hours.

6. The Government Stock will bear interest at the rate determined by Reserve Bank of India at the auction and interest will be paid half yearly on **July 17** and **January 17**. The Stock will be governed by the provisions of the Government Securities Act, 2006 and Government Securities Regulations, 2007.

7. The stocks will qualify for ready forward facility.

8. For other details please see the notifications of Government of Tamil Nadu Specific Notification **695(L)/W&M-II/2024** dated **January 11, 2024**.

**T.Udhayachandran**
**Principal Secretary to Government,**
**Finance Department, Chennai-9.**

DIPR/ 29 /DISPLAY/2024

## VASTU HOUSING FINANCE CORPORATION LTD

**Unit 203 & 204, 2nd Floor, "A" Wing, Navbharat Estate, Zakaria Bunder Road, Sewri (West), Mumbai 400015. Maharashtra. CIN No.: U65922MH2005PLC272501**

### Demand Notice Under Section 13(2) of Securitisation Act of 2002

Whereas, Vastu Housing Finance Corporation Ltd through its head office Mumbai, Notice issued to the following borrowers / guarantors / mortgagers have defaulted in the repayment of principal and payment of interest of credit facilities obtained by them from the VHFCL and said facilities have turned to be Non Performing Assets. The notices were issued to them under section 13(2) of Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 on their last known addresses however the same have returnedun-served and assuch they are herebyinformed by way of public notice about the same.

| Name of Borrower, Co-borrower and Loan A/c No. | Date and Amount of Demand Notice Under Sec. 13(2) | Description of Mortgaged property |
|---|---|---|
| Suneel Kumar Gupta (Applicant), Neelamwati (Co Applicant)<br>LP0000000133413 | 18-Dec-23/ Rs.1602246/- as on 13-Dec-23 with further Interest and charges thereon | Part of Plot No 4 On Khasra No. 402sa Min Situated at Village Nandpur Sarai Sheikh, Pargana Tehsil Lucknow, Uttar Pradesh, 226028, Admeasuring 715 Sq. Ft. North- Khet of Radhey, South - 28 fts wide Road, East – Plot of SriIrshad, West – Plot of Seller |

The steps are being taken for substituted service of notice. The above borrowers, co- borrowers and/or their guarantors (where ever applicable) are advised to make the payments of outstanding within 60 days from the date of the publication of this notice failing which further steps will be taken after the expiry of 60 days of the date of this notice as per the provision of Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002.

Please be informed that the said notice is also under section 13(13) informing the borrowers/guarantors/ mortgagors that the said mortgaged property should not be sold/leased/transferred.

**Date : 12.01.2024**
**Place : Lucknow**

**Authorized Officer,**
**VASTU HOUSING FINANCE CORPORATION LTD**

## Aadhar Housing Finance Ltd.

**Corporate Office:** Unit No.802, Natraj Rustomjee, Western Express Highway and M.V.Road, Andheri (East), Mumbai-400069
**Lucknow Branch :** B-2/6, B-2/23, B-2/24 & B-2/25, 2nd Floor, Vishwasheel Complex, Vibhutikhnad,Gomtinagar Lucknow-226010,(UP). **Authorised Officer : Dilip Singh Jadon, Contact No.: 8319021816**

### PROPERTY FOR SALE UNDER PROVISIONS OF SARFAESI ACT, 2002 THROUGH PRIVATE TREATY

Whereas the Authorised Officer, Aadhar Housing Finance Limited (AHFL) has taken the Possession u/s 13(4) of the Securitisation & Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security interest Act, 2002 (The SARFAESI Act, 2002) of the property ("the Secured Asset") given below The Authorised Officer has received offer of Sale from some interested party against the above mentioned Secured Asset under the SARFAESI Act for recovery of the Secured Debt. Now, the Authorised Officer is hereby giving the Notice to Sale of the above said property through Private Treaty in terms of rule 8 and 9 of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002. The Details of the Account are as follows:

| Sr. No. | Loan Code No. | Name of the Borrower/ Co-Borrowers | Demand Notice Date & Amount | Reserve Price (RP) | Total Outstanding Loan Amount as on Date 05-12-2023 | Description of the Secured Asset |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **(Loan Code No. 00100003963/ Lucknow Branch)** | **Vinod Kumar** (Borrower), **Maya Devi** (Co-Borrower), **Santosh Gupta** (Guarantor) | **11-07-2022 & ₹ 7,18,317/-** | **Rs. 5,22,000/-** | **₹ 6,90,477/-** (Rupees Six Lakh Ninety Thousand Four Hundred Seventy Seven Only) | All that part & parcel of property bearing, House On Plot No 56 Part Of Kh No 95 Farukkhabad Pargana Lucknow Uttar Pradesh, 226001., **Boundaries :** East- House No. 45, West - 20 Feet Wide Road, North -House No. 55, South -House No. 57 |

The Authorised officer will hold auction for sale of the Secured Asset on 'As is where is Basis', 'As is what is basis' and 'Whatever is there is basis'. AHFL is not responsible for any liabilities whatsoever pending upon the said property. The Authorised Officer reserves the right to accept or reject the offer without assigning any reason whatsoever and sale will be subject to confirmation by Secured Creditor. On the acceptance of offer of proposed buyer, he/she is required to deposit 25% of accepted price inclusive adjustment of Earnest Money Balance immediately and the balance amount shall be paid by the purchaser within 15 (fifteen) days from date of acceptance of Offer by the Secured Creditor. The proposed buyer is to note that in case of failure of payment of balance amount by him/her within the time specified, the amount already deposited shall stand forfeited and property will be resold accordingly.


This is **15 DAYS SALE NOTICE UNDER SARFAESI ACT, 2002** is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower (s), Co-Borrower (s) and Guarantor (s) that the above described immovable property mortgaged/charged to the Secured Creditor, the **Physical Possession** of which has been taken by the Authorised Officer of Aadhar Housing Finance Limited (AHFL) Secured Creditor, will be sold on "As is where is", "As is what is", and "Whatever there is" and to the amount due to Aadhar Housing Finance Ltd., in full before the date of sale, auction is liable to be stopped.

If the Borrower(s), co-borrower(s) has any buyer who is ready to purchase the mortgage property/secured asset at price above the given reserve price then Borrower(s), Co-borrower(s) must intimate to AHFL on or before 27-01-2024 AHFL shall give preference to him. If Borrower(s), co-borrower(s) fails to intimate on or before 27-01-2024 the AHFL will proceed sale of property at above given reserve price.

**The Date of Auction is fixed for 27-01-2024**
**Place : Uttar Pradesh**
**Date : 12-01-2024**

**Sd/- (Authorised Officer)**
**For Aadhar Housing Finance Limited**


Markets,
**Insight Out**



Markets, **Monday to Saturday**

To book your copy,
sms **reachbs to 57575** or email **order@bsmail.in**

**Business Standard**
Insight Out

bsindia  business.standard  business-standard.com